# सहस्त्रधारा

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने उत्तराखंड में एक महत्त्वपूर्ण पर्यटन स्थल 'सहस्त्रधारा' को जोड़ने वाली सड़क को चौड़ा करने के लिये हज़ारों पेड़ों को काटने के प्रस्ताव को आंशिक रूप से अनुमति दे दी है।

## प्रमुख बिंदु

- कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति रमेश चंद्र खुल्बे की खंडपीठ ने इस शर्त पर प्रस्ताव को मंज़ूरी दी कि राज्य द्वारा इन मूल्यवान पेड़ों को फिर से लगाया जाएगा और उनकी देखभाल की जाएगी।
- सहस्त्रधारा, जिसका शाब्दिक अर्थ 'Thousand Fold Spring' है, बाल्दी नदी पर देहरादून से 16 किमी. की दूरी पर स्थित एक प्रसिद्ध पर्यटन स्थल है।
- सहस्त्रधारा प्राकृतिक सल्फर वाटर स्प्रिंग है, जिसमें विविध प्रकार के औषधीय गुण हैं, जैसे- इसके जल के उपयोग से त्वचा रोगों का तथा उदरीय विकारों का उपचार संभव है।
- सहस्त्रधारा का जल चूने के अवशेषों से एक प्रक्षेपित पर्वत श्रृंखला का निर्माण करता है। यहाँ पहाड़ी पर एक मंदिर में स्थित गुफा को द्रोण गुफा के रूप में जाना जाता है, जिसमें चट्टान से उकेरे गए कई लघु शिवलिंग हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/sahastradhara